# कार्यालय पुलिस अधीक्षक जनपद गोण्डा दिनांक 03.12.2023
# शांतिभंग की आशंका के मद्देनजर पुलिस द्वारा की गयी कार्यवाही-

जनपदीय पुलिस द्वारा विभिन्न मामलों में शांतिभंग की आशंका के मद्देनजर जनपद के विभिन्न थानों से कुल-11 व्यक्तियों को अन्तर्गत धारा-151/107/116 सीआरपीसी में गिरफ्तार कर चालान न्यायालय किया गया तथा भारी से भारी जमानत मुचलके से पाबन्द कराया गया।

## **04 वारंटी अभियुक्त गिरफ्तार-**

गोण्डा। पुलिस अधीक्षक गोण्डा श्री अंकित मित्तल के निर्देशन में चलाए जा रहे वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी के अभियान में जनपद गोंडा के थाना इटियाथोक पुलिस ने 01, थाना कौडिया पुलिस ने 02, थाना परसपुर पुलिस ने 01 वारंटी अभियुक्त को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय रवाना कर दिया गया।

**सराहनीय कार्य**

**प्रेस नोट**

**मीडिया सेल, जनपद गोण्डा**

**दिनांक 03.12.2023**

**नाबालिग लड़की के साथ छेड़छाड़ करने का वांछित अभियुक्त गिरफ्तार-**

पुलिस अधीक्षक गोण्डा श्री अंकित मित्तल ने अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओं एवं बालिकाओं से घटित अपराधों में वांछित अभियुक्तों की जल्द से जल्द गिरफ्तारी करने के निर्देश जनपद के समस्त प्र0नि0/थानाध्यक्षों को दिए थे।

उक्त निर्देश के अनुक्रम में थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा मुखबिर खास की सूचना पर नाबालिग लड़की के साथ छेड़छाड़ करने का वांछित अभियुक्त मोहम्मद फैज को गिरफ्तार कर लिया गया। उक्त अभियुक्त ने थाना कोतवाली नगर क्षेत्र के अन्तर्गत एक नाबालिग लड़की को रास्ते में रोककर छेड़छाड़ किया था। जिसके सम्बन्ध में पीड़िता के पिता द्वारा थाना कोतवाली नगर में अभियोग पंजीकृत कराया था। गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की गयी।

**गिरफ्तार अभियुक्त-**

01. मो0 फैज पुत्र फहीम निवासी मोहल्ला महरानीगंज घोसियाना थाना कोतवाली नगर जनपद गोण्डा।

**पंजीकृत अभियोग-**

01. मु0अ0सं0 1014/2023 धारा 354, 504, 506, 341 भा0द0वि0 व 7/8 पाक्सो एक्ट थाना कोतवाली नगर जनपद गोण्डा।

**गिरफ्तार कर्ता-**

01. उ0नि0 उमाशंकर उपाध्याय मय टीम थाना कोतवाली नगर, गोण्डा।

**सराहनीय कार्य**

**प्रेस नोट**

**मीडिया सेल, जनपद गोण्डा**

**दिनांक 03.12.2023**

**परिवार परामर्श केन्द्र में 04 जोड़े एक साथ रहने को हुए राजी-**

गोण्डा। रविवार जनपद गोण्डा के पुलिस लाइन सभागार में आयोजित परिवार परामर्श केन्द्र में पुलिस अधीक्षक श्री अंकित मित्तल के निर्देशन में व अपर पुलिस अधीक्षक श्री शिवराज के उपस्थिति में परामर्शदाताओं ने बिछुडे जोड़ो की समस्याओं को सुनकर उनका निराकरण किया गया तथा 04 जोड़े को समझाबुझाकर सुखी जीवन जीने हेतु राजी कर लिया गया।

**परिवार परामर्श केन्द्र में उपस्थिति सदस्यगण-**

श्री गंगाधर शुक्ल, श्री उमा सिंह, श्रीमती राधा मिश्रा, श्री राजमंगल मौर्य, श्री संतोष ओझा, श्री यशोदा नंदन त्रिपाठी, प्र0नि0 महिला थाना अनीता यादव, म0का0 शाहिना बानो, नेहा सिंह, ज्योति राजभर आदि मौजूद रही।

**सराहनीय कार्य**

**प्रेस नोट**

**मीडिया सेल, जनपद गोण्डा**

**दिनांक 03.12.2023**

## अवैध मादक पदार्थ के साथ 01 अभियुक्त गिरफ्तार-

पुलिस अधीक्षक गोण्डा श्री अंकित मित्तल द्वारा अपराध एवं अपराधियों के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान में अवैध मादक पदार्थों की तस्करी व बिक्री मे संलिप्त अभियुक्तों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश जनपद के समस्त प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्षो को दिये थे।

उक्त निर्देश के अनुक्रम में थाना छपिया पुलिस द्वारा क्षेत्र भ्रमण के दौरान मुखबिर खास की सूचना पर मसकनवा स्टेशन से खालेगांव जाने वाली मार्ग से अभियुक्त सूरज को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 190 गोली अल्प्राजोलम (अवैध नशीली गोली) बरामद किया गया। अभियुक्त के विरूद्ध थाना छपिया में एन0डी0पी0एस0 एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की गयी।

## गिरफ्तार अभियुक्त-

01. सूरज पुत्र सुखराम भारती निवासी श्रीनगर थाना परशुरामपुर जनपद बस्ती।

## पंजीकृत अभियोग-

01. मु0अ0सं0-336/23, धारा 8/21 एन0डी0पी0एस0 ऐक्ट थाना छपिया जनपद गोण्डा।

## बरामदगी-

01. 190 नशीली गोली अल्प्राजोलम बरामद।

## गिरफ्तार कर्ता-

उ0नि0 राजेश कुमार दुबे मय टीम।